PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Hindustan, Delhi**
**Wednesday, 20th June 2018; Page: 16**
**Width: 23.79 cms; Height: 31.60 cms; a3; ID: 21.2018-06-20.150**

योग दिवस की तैयारी

# सद्गुरु ने सियाचिन में सैनिकों को योगाभ्यास कराया



सियाचिन में मंगलवार सुबह लेह स्थित सैन्य शिविर में सद्गुरु जग्गी वासुदेव के मार्गदर्शन में योगाभ्यास करते सैनिक। ● प्रेट्र

सियाचिन ग्लेशियर पर तैनात सेना के कर्मियों का योग दिवस इस बार खास होने वाला है। पद्म विभूषण सद्गुरु जग्गी वासुदेव अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सियाचिन आधार शिविर को दौरा करेंगे। वासुदेव के कोयंबटूर स्थित ईशा फाउंडेशन के जनसंपर्क अधिकारी राहुल दूबे ने बताया कि सियाचिन में मंगलवार सुबह वह लेह स्थित सैन्य शिविर पहुंचे और 350 सैनिकों तथा अधिकारियों के एक समूह को संबोधित किया।

## राज्यपाल पंचकूला में योग करेंगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पूरी तरह से गंभीर हो गई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्री समूह की बैठक में योग दिवस को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। योग दिवस पर राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी पंचकूला तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल झज्जर में मुख्य अतिथि होंगे।



अहमदाबाद में मंगलवार को विश्व योग दिवस से पहले योगाभ्यास करते अंजुमन-ई-इस्लाम स्कूल के विद्यार्थी। ● एएफपी